हरियालो पेमासरः गांव में प्रत्येक घर के बाहर लगाया जाएगा नीम और सहजन का एक-एक पौधा

पशु चिकित्सा शिविर व जागरूकता एवं मूल्य संवर्धन प्रशिक्षण शिविर का भी किया जाएगा आयोजन

बीकानेर (निष्पक्ष कलम)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के द्वारा हाल ही में गोद लिए गए गांव पेमासर में प्रत्येक घर के बाहर नीम और सहजन का एक-एक पौधा लगाया जाएगा। साथ ही गांव में पशु चिकित्सा शिविर व जागरूकता एवं मूल्य संवर्धन प्रशिक्षण कैंप का भी आयोजन किया जाएगा। 7 अगस्त को सुबह साढ़े 11 बजे से डेढ़ बजे तक आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर सोमवार को कुलपति डॉ अरूण कुमार ने कुलपति सचिवालय सभागार में संबंधित डीन, डायरेक्टर्स व कृषि वैज्ञानिकों की बैठक ली।

कुलपति डॉ अरूण कुमार ने बताया कि पौधों की सार संभाल के लिए संबंधित घर के लोगों से अपील की जाएगी। विश्वविद्यालय के संबंधित कृषि वैज्ञानिक भी समय- समय पर पौधों की देखरेख करेंगे। इसके अलावा राजुवास के सहयोग से पेमासर गांव में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बीमार पशुओं का इलाज और वैक्सीनेशन होगा। साथ ही हॉर्टिकल्चर विभाग के कृषि वैज्ञानिक गांव के लोगों को विभिन्न उद्यानिकी फसल उत्पादों के मूल्य संवर्धन को लेकर प्रशिक्षण देंगे।

बैठक में कुलपति के अलावा वित्त नियंत्रक राजेन्द्र कुमार खत्री, भू सृदृश्यता एवं राजस्व सृजन निदेशक डॉ दाताराम, प्रसार निदेशक डॉ पीएस शेखावत, छात्र कल्याण निदेशक डॉ एन.एस.दहिया, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ विमला ढुकवाल, कृषि महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ पीके यादव, पीजीएस अधिष्ठाता डॉ राजेश कुमार वर्मा, आईएबीएम अधिष्ठाता डॉ आई. पी.सिंह, पीएमई डॉ योगेश शर्मा, पूल अधिकारी डॉ वाई.के.सिंह समेत अन्य कृषि वैज्ञानिक उपस्थित रहे।